**ई–मेल / स्मार**  पत्रांक–08 / शि०पु०–14–02 / 2026.............

**बिहार सरकार**

**शिक्षा विभाग**

(प्राथमिक शिक्षा निदेशालय)

**प्रेषक,**

**कुमार निशांत विवेक,** भा०प्र०से०,
निदेशक (प्राथमिक शिक्षा)।

**सेवा में,**

**सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना, दिनांक ..................

**विषयः–** **राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार, 2026 के लिए शिक्षकों द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने तथा जिला चयन समिति द्वारा आवेदन अग्रसारित करने के संबंध में।**

प्रसंगः– प्राथमिक शिक्षा निदेशालय का पत्रांक 794 दिनांक 18.06.2026।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में अंकनीय है कि जिला चयन समिति (District Selection Committee) द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार, 2026 हेतु अनुशंसित शिक्षक / शिक्षिकाओं की सूची ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से State Selection Committee को दिनांक 21.07.2026 तक उपलब्ध कराना निर्धारित है। ऑनलाईन पोर्टल के अवलोकन से स्पष्ट है कि दिनांक 01.07.2026 तक मात्र 09 (नौ) शिक्षकों / शिक्षिकाओं द्वारा ही अंतिम रूप से आवेदन समर्पित किया गया है।

अतः उक्त शिक्षक / शिक्षिकाओं द्वारा ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से समर्पित आवेदन की सूची संलग्न करते हुए निदेश दिया जाता है कि स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, भारत सरकार के पत्रांक–D.O. No.1-3/2026-NAT दिनांक 15.06.2026 को विस्तृत रूप से प्रचारित किया जाए एवं शिक्षकों को स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, भारत सरकार के वेबसाईट http://nationalawardstoteachers.education.gov.in पर राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार हेतु अधिक–से–अधिक शिक्षक / शिक्षिकाओं को ऑनलाईन आवेदन करने के लिए प्रेरित किया जाए।

अनु०ः– यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह० / –
**(कुमार निशांत विवेक)**
निदेशक, प्राथमिक शिक्षा।

ज्ञापांक –08 / शि०पु० 14–02 / 2026.......– 816....... पटना दिनांक 01.07.2026

प्रतिलिपिः– ~~स~~भी जिला पदाधिकारी, बिहार को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. आई०टी० मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को निदेश दिया जाता है कि इसे विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करना एवं संबंधित को ई–मेल करना सुनिश्चित किया जाए।

निदेशक, प्राथमिक शिक्षा।